आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 51 | उज्जैन, शनिवार 11 जनवरी 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## तरुणाई को ऊर्जस्व बनाये रखने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ विवेकानंद जयंती से - डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती का दिन देश के युवाओं के लिए उस चिर युवा ऊर्जा से प्रेरणा लेकर नए संकल्प लेने का है, जो आज भी हमारी तरुणाई को ऊर्जस्व बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने 'उत्तिष्ठ, जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' के उद्घोष से भारत के युवाओं को प्रेरित किया था। युवा अपने गौरवशाली अतीत को जानें, उस पर गर्व करें और उससे शिक्षा एवं प्रेरणा लेकर स्वर्णिम भविष्य के सृजन पथ पर बिना थके चलते रहें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का संदेश था कि दृढ़-आत्मविश्वास से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। यह संदेश विश्व के सभी



देशों से अधिक युवाओं की शक्ति से संपन्न भारत के लिए आज भी समीचीन है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर युवाओं के उन्मुक्त उड़ान के लिये खुला आकाश उपलब्ध कराने राज्य सरकार %स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन% का शुभारंभ करने जा रही है। इस मिशन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ज्ञान (ग़रीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर ध्यान के ध्येय मंत्र को धरातल पर साकार किया जाएगा। हम आशान्वित हैं कि यह मिशन प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित कर उनकी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में गतिशील रखकर स्वामी विवेकानंद की अभिप्रेरणाओं को जीवंत बनाए रखेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को सशक्त, सक्षम और समृद्ध भारत के संकल्प सिद्धि के मार्ग पर सधे हुए मजबूत कदमों से आगे बढ़ाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर हमारा यह संकल्प है कि हम इस मिशन से वर्ष-2030 तक प्रदेश के 70 प्रतिशत युवाओं की आय में और अधिक वृद्धि करने में सफल होंगे। इसके लिए वर्ष 2028 तक प्रदेश के शत-प्रतिशत युवा को 10वीं एवं 2030 तक 12वीं तक अनिवार्य रूप से शिक्षित किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का ध्येय वाक्य, 'संवाद-सामर्थ्य-समृद्धि' के माध्यम से 'आत्म दीपो भवः' है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि स्वामी विवेकानंद 'युवा शक्ति मिशन' मध्यप्रदेश के युवाओं के सशक्तिकरण की मजबूत बुनियाद सिद्ध होगा। मिशन से युवाओं में शिक्षा, कौशल विकास और सामुदायिक सेवा की भावनाएं विकसित होंगी।

## रेल टिकटों को लेकर हो रही धोखाधड़ी से सुप्रीम कोर्ट चिंतित, कहा- इससे अर्थव्यवस्था पर हो रहा जबरदस्त प्रभाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि भारतीय रेलवे हमारे देश के बुनियादी ढांचे का एक आधार है और टिकटिंग प्रणाली की शुचिता से खिलवाड़ करने के किसी भी प्रयास को हरहाल में रोका जाना चाहिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ रेलवे टिकटिंग में धोखाधड़ी के आरोपित दो व्यक्तियों की दो अलग-अलग अपीलों पर सुनवाई कर रही थी।

रेलवे हमारे देश के बुनियादी ढांचे का आधार- पीठ ने कहा, भारतीय रेलवे हमारे देश के बुनियादी ढांचे का आधार है। यह सालाना लगभग 673 करोड़ यात्रियों को गंतव्य तक ले जाता है और देश की अर्थव्यवस्था में इसका जबरदस्त प्रभाव है। टिकटिंग प्रणाली की शुचिता को बाधित करने के किसी भी प्रयास को तुरंत रोका जाना चाहिए। यह अपील रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 143 की व्याख्या को लेकर थी, जिसमें रेलवे टिकटों की खरीद और आपूर्ति के अनधिकृत कारोबार के लिए जुर्माना लगाने का प्रविधान है।

पहली अपील में केरल हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें मैथ्यू के. चेरियन नामक व्यक्ति के खिलाफ अधिनियम की धारा 143 के तहत शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया गया था।

## सरपंच, कारीगर और पैरा एथलीट... गणतंत्र दिवस परेड में दिखेंगे 10 हजार खास मेहमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस समारोह की परेड देखने के लिए पैरालिंपिक दल के सदस्य, बेहतर प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच, हथकरघा कारीगर और वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता समेत करीब 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

दस हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया- रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा- विविध पृष्ठभूमि वाले स्वर्णिम भारत के इन निर्माताओं में विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने वाले लोग शामिल हैं। राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए निमंत्रण भेजा गया है।

विशेष अतिथियों को विभिन्न क्षेत्रों से चुना गया- मंत्रालय ने कहा कि इन विशेष अतिथियों को विभिन्न क्षेत्रों से चुना गया है। इनमें 31 श्रेणियां शामिल हैं मसलन- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच, आपदा राहत कार्यकर्ता, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जल योद्धा, वाईब्रेंट विलेजों के अतिथि, पूर्वोत्तर राज्यों के अतिथि, सर्वश्रेष्ठ पेटेंट धारक, सर्वश्रेष्ठ स्टार्ट-अप, सड़क निर्माण श्रमिक आदि।

## AI ने सुलझा दिया 19 साल पुराना ट्रिपल मर्डर केस, ऐसे पकड़े गए महिला और उसके बच्चों की हत्या करने वाले आरोपी

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के कोल्लम इलाके में साल 2006 में एक महिला और उसकी 17 दिन की जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी गई थी। स्थानीय पंचायत कार्यालय से लौटी संतम्मा ने अपनी बेटी रंजिनी को अपने 17 दिन के जुड़वाँ बच्चों के साथ खून से लथपथ पाया। तीनों का गला कटा हुआ था। 19 साल बाद इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बेशक इस केस को सुलझाने में 19 साल लगे लेकिन जिस तरह से हत्याकांड के इस मामले को सुलझाया गया है, वो वाकई हैरान कर देने वाला है। इस केस को AI तकनीक से सुलझाया गया है।

केरल पुलिस ने जांच शुरू की और पठानकोट सैन्य अड्डे पर तैनात दो सैन्यकर्मियों - दिव्य कुमार और राजेश - पर ध्यान केंद्रित किया। लेकिन पुलिस उन्हें ढूंढ पाने में विफल रही।

अब, इस जघन्य हत्या के 19 वर्ष बाद, केरल पुलिस ने इस मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है और दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है और यह सब AI प्रौद्योगिकी की बदौलत संभव हुआ है।

पुलिस ने बताया कि रंजिनी और दिविल, जो एक ही गांव के निवासी थे, के बीच संबंध थे, लेकिन जब वह गर्भवती हो गई, तो दिविल ने खुद को उससे दूर कर लिया और पठानकोट में रहने लगा।

## कोयला खदान में अभी भी फंसे आठ श्रमिक, बचाने की कवायद तेज



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के पास दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे आठ श्रमिकों को बचाने की कवायद तेज कर दी गई है। राज्य और केंद्र की कई एजेंसियों ने गुरवार को चौथे दिन भी श्रमिकों को खोजने के लिए बचाव अभियान शुरू किया। रात भर खदान से पानी निकाला गया।

अन्य एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया

इसके बाद सुबह से सेना और अन्य एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया। इसके साथ ही रिमोट से चलने वाले वाहन (आरओवी) को खदान के अंदर भेजा गया। इसके साथ ही पानी को तेजी से निकालने के लिए कोल इंडिया ने महाराष्ट्र से उच्च क्षमता का पंप मंगाया है। असम के खान एवं खनिज मंत्री कौशिक राय ने कहा कि सेना और नौसेना की टीमें फंसे हुए खनिकों को बचाने के लिए काम कर रही हैं।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नौसेना और पुलिस की टीम श्रमिकों को तलाश रही- दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो के तीन किलो क्षेत्र में कोयला खदान में सोमवार को 300 फीट गहरी खदान में अचानक पानी भर गया था। इस खदान में नौ श्रमिक फंस गए थे। इसके बाद भारतीय सेना और स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने त्वरित और प्रभावी तरीके से बचाव अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद से लगातार सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नौसेना और पुलिस की टीम श्रमिकों को तलाश रही है।

## लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग पर ये क्या बोल गईं महबूबा मुफ्ती




नई दिल्ली (एजेंसी)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने लॉस एंजेलिस (एलए) में जंगल की आग से हुई त्रासदी और गाजा में हुए विनाश पर चिंता जताई है। शुक्रवार को पीडीपी प्रमुख ने कहा कि लॉस एंजेलिस में जंगल की आग से हुई त्रासदी तो पर्यावरणीय लापरवाही का नतीजा है लेकिन गाजा में हुए विनाश पर चिंतन होना चाहिए। दरअसल, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि हाल ही में लॉस एंजेलिस (एलए) में लगी आग से हुई तबाही बेहद चौंकाने वाली है।

## बचपन में कैसे स्टूडेंट थे पीएम मोदी? किस चीज से भागते थे दूर; पॉडकास्ट में दिया जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले पॉडकास्ट में बचपन से जुड़ी कई बातों का जिक्र किया। उद्यमी और स्टॉक ब्रोकर निखिल कामथ के पॉडकास्ट शो पीपल बाई डब्ल्यूटीएफ में बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि वो वो बचपन में कैसे स्टूडेंट थे।

उन्होंने कहा कि वो बचपन में एक साधारण छात्र थे। स्कूल में कोई उन्हें नोटिस करे, उनमें ऐसा कुछ नहीं था। हालांकि टीचर्स उन्हें बहुत प्यार करते थे।



उन्होंने पॉडकास्ट में बताया कि उन्हें ज्यादा पढ़ना और कॉम्पिटिशन जैसी चीजें पसंद नहीं थी। वो इन चीजों से दूर भागते थे। पीएम मोदी ने कहा कि वो एक साधारण स्टूडेंट थे।

पढ़ाई में कैसे थे पीएम मोदी- वहीं, पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने एक टीचर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक टीचर थे वे एक दिन पिता जी से मिलने आए। उन्होंने पिताजी से कहा कि इसके अंदर एक टैलेंट है। हर चीज बहुत जल्दी ग्रैस्प करता है, लेकिन फिर अपनी दुनिया में खो जाता है। मुझसे टीचर की बहुत अपेक्षा रहती थी।

हालांकि, मुझे ज्यादा पढ़ना पसंद नहीं था। मेरा रहता था कि परीक्षा पास कर लो, निकल लो, बस ऐसा ही रहता था। हालांकि एक्टिविटी मैं बहुत करता था। कुछ भी नई एक्टिविटी हो उसे पकड़ लेना, ऐसा मेरा नेचर था।

सीएम बनने के बाद जब बचपन के दोस्त से की मुलाकात- पीएम मोदी से पॉडकास्ट के दौरान अपने बचपन के दोस्तों के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि बचपन में ही अपना घर छोड़ना पड़ा था, जिसकी वजह से मैं अपने स्कूली दोस्तों से संपर्क नहीं रख सका। पीएम ने कहा कि जब मैं पहली बार सीएम बना तो मेरे मन में आया कि क्यों न अपने स्कूली दोस्तों को बुलाया जाए।

सीएम बनने के बाद मैंने बचपन के दोस्तों को अपने आवास पर बुलाया। लगभग 35 दोस्त आए भी, लेकिन उनमें दोस्ती नहीं दिखी। पीएम ने कहा कि मुझे मजा नहीं आया, क्योंकि मैं उनमें अपना दोस्त खोज रहा था, लेकिन वो मुझे मुख्यमंत्री के तौर पर ही देख रहे थे।

# 10 हजार इमारतें खाक, अरबों का नुकसान... लॉस एंजेलिस में आग का तांडव जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के कैलिफॉर्निया प्रांत के जंगलों में लगी भीषण आग ने लॉस एंजेलिस शहर के एक बड़े भाग को जलाकर राख कर दिया है। आग ने कई रिहायशी इलाकों को भी अपनी जद में ले लिया है।

आग इतनी फैल गई है कि वहां के मशहूर हॉलीवुड हिल्स तक पहुंच गई है। इसमें कई हस्तियों के मकान भी जलकर खाक हो गए हैं।

10 की मौत, घर छोड़कर भाग रहे लोग- लॉस एंजेलिस में लगी आग को नियंत्रित करने के लिए अग्निशमन कर्मियों की कई टीमें कड़ी मशक्कत कर रही हैं। इसके बावजूद आग पर काबू पाया नहीं जा रहा है। आग तेजी से फैल रही है, जिसके चलते दस लोगों की मौत भी हो गई। आग से 10 हजार इमारतें जल गई हैं और हजारों लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हो गए हैं।तेज हवाओं के कारण आग की लपटें बढ़ती जा रही हैं और लोगों को निकालने में अफरा-तफरी मच चुकी है। उधर, अमेरिकी मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आग का जोखिम शुक्रवार तक जारी रहने वाला है।

स्टीव केर की मां का घर भी जला- अमेरिकी पेशेवर बास्केटबॉल कोच और गोल्डन स्टेट वॉरियर्स के मुख्य कोच स्टीव केर की 90 वर्षीय मां भी उन हजारों लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने लॉस एंजेलिस में लगी भीषण आग की वजह से अपना घर खो दिया है।

पैसिफिक पैलिसेड्स में आग पर कुछ हद तक काबू- अधिकारियों का कहना है कि अग्निशामकों ने पैलिसेड्स में आग पर कुछ हद तक काबू पा लिया है। मंगलवार को शुरू हुई पैलिसेड्स में आग ने लॉस एंजेलिस में पैसिफिक पैलिसेड्स के समुद्र तटीय क्षेत्र को जलाकर राख कर दिया। गुरुवार शाम तक इस पर काबू नहीं पाया जा सका था। अधिकारियों ने बताया कि आग में 6 फीसद की कमी आई है।

लूटपाट हुई शुरू- आग के बीच शर्मनाक हरकत भी सामने आई है। जलकर खाक हुए शहर में लूटपाट की घटनाएं भी सामने आई हैं। यहां के कई मशहूर हस्तियों के घरों को निशाना बनाया गया है। इसको लेकर अब अधिकारियों ने चेतावनी भी जारी की है। लॉस एजेलिस के अधिकारियों ने कहा कि आपातकाल के बीच ऐसी लोगों को देखा गया है जो घरों में चोरी और लूटपाट कर कमजोर समुदायों को निशाना बना रहे हैं। यह किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कई सेलिब्रिटीज को छोड़ने पड़े बंगले - आग के चलते कई हॉलीवुड स्टार्स को अपने बंगले छोड़कर भागना पड़ा। पेरिस हिल्टन, स्टीवन स्पिलबर्ग, मैंडी मूर, एश्टन कुचर समेत कई हॉलीवुड स्टार्स के बंगले जलकर खाक हो चुके हैं। आग लगने के बाद कई सेलिब्रिटीज को घर खाली करना पड़ा। यहां तक की ब्रेंटवुड इलाके में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के घर को भी खाली करने ने निर्देश जारी करने पड़े।

# आसमान से सड़क पर आ गिरा विमान, इमरजेंसी लैंडिंग के बाद लगी आग; एक की मौत और सात घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्राजील में एक बड़ा हादसा देखने को मिला है। यहां प्लेन क्रैश से एक की मौत और सात लोग घायल हो गए। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का दिल दहलाने वाला वीडियो भी सामने आया है।

कई गाड़ियां आई चपेट में, एक की मौत- दरअसल, दक्षिण-पूर्वी राज्य साओ पाउलो के पर्यटक शहर उबातुबा में एक समुद्र तट के पास एक छोटा विमान सड़क पर आ गिरा और उसमें विस्फोट हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।



जैसे ही विमान सड़क पर आया, उसने कई गाड़ियों को चपेट में ले लिया। विमान गाड़ियों को धकेलता ही चला गया, जिसके बाद एक बड़ा विस्फोट हुआ।

पायलट की मौत, यात्रियों की जान बची- समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हादसे में पायलट की मौत हो गई है। दरअसल, पायलट विमान को उबातुबा क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह गति नहीं रोक सका और हवाई अड्डा टर्मिनल की बाउंड्री को पार कर गया।

रिपोर्ट के अनुसार, विमान में सवार सभी चार यात्रियों, जिनमें दो बड़े और दो बच्चे शामिल थे, उनको जीवित बचा लिया गया है।

गीले रनवे के कारण हादसे की आशंका

दुर्घटना के कारण क्रूजेरो बीच पर घूम रहे तीन व्यक्ति भी घायल हो गए। उबातुबा हवाई अड्डे की देखरेख करने वाली कंपनी रेडे वोआ ने कहा कि बारिश और गीले रनवे के कारण दुर्घटना हुई और उस समय मौसम की स्थिति ठीक नहीं थी।

ब्राजील की वायु सेना ने घोषणा की कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## आप चींटियों को कुचल देती हैं क्या? रिपोर्टर ने जॉर्जिया मेलोनी से पूछा अनोखा सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ हाल में एक दिलचस्प वाकया हुआ। दरअसल प्रधानमंत्री मेलोनी गुरुवार को रोम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लेकर गंभीर बातचीत चल रही थी। रोम में दो घंटे तक चले इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेलोनी ने कई सवालों के जवाब दिए। हालांकि इस दौरान एक शख्स ने एक सवाल पूछ लिया जिसे सुनकर वह हैरान रह गईं। पत्रकार ने मेलोनी से चींटियों से जुड़ा एक दिलचस्प सवाल पूछा जिसका मेलोनी ने जवाब भी दिया। कांफ्रेंस में एक वीडियो जर्नलिस्ट ने पीएम मेलोनी से पूछा, मैं आपसे एक बहुत ही आसान सवाल पूछना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि यह एक अच्छा सवाल भी होगा। प्रधानमंत्री जी, क्या आप चींटियों को कुचल देती हैं? क्या आप चलते समय उन पर ध्यान देती हैं? सवाल सुनते ही मेलोनी हंसने लगीं। उन्हें थोड़ा आश्चर्य भी हुआ। रिपोर्टर ने बताया कि यह सवाल एक लोक कहावत से जुड़ा है, जिसके मुताबिक यह कहा जाता है कि चींटियों पर पैर रखने से बारिश होती है। मेलोनी ने हाजिरजवाबी दिखाते हुए कहा, क्या मैं चींटियों पर पैर रख देती हूं? खैर अगर मैं उन्हें देखती हूं तो ऐसा नहीं करती। लेकिन मैं उन्हें हर समय नहीं देख पाती। क्या यह सही जवाब है? मुझे नहीं पता। मैं इस पर क्या ही कहूं? मैं असमंजस में हूं दोस्तों।

## भारतवंशी के हाथ में होगी कनाडा की कमान?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतवंशी सांसद चंद्र आर्य ने कनाडा के प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी ठोकी है। पीएम पद से इस्तीफा देने की जस्टिन ट्रूडो की घोषणा करने के कुछ ही दिनों बाद आर्य ने गुरुवार को इस पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की।

मैं अगला प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में: आर्य

आर्य ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं अपने देश के पुनर्निर्माण और भावी पीढ़ियों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए कनाडा का अगला प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में हूं। हम समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इन समस्याओं को सुलझाने के लिए साहसिक निर्णय लेने ही होंगे। ऐसे निर्णय जो हमारी अर्थव्यवस्था को फिर मजबूत करे। सभी कनाडाई लोगों के लिए समान अवसर पैदा करे।

मूल रूप से भारत के कर्नाटक के तुमकुर जिले के ताल्लुक रखने वाले आर्य 2006 में आर्य कनाडा चले गए। आर्य 2015 के कनाडाई संघीय चुनाव में सांसद चुने गए। 2019 और 2021 में फिर चुनाव जीते।

2022 में आर्य अपनी मातृभाषा कन्नड़ में कनाडा के हाउस आफ कामन्स को संबोधित करने वाले पहले सांसद बने। जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को घोषणा की थी कि उनकी पार्टी द्वारा उत्तराधिकारी को चुने जाने के बाद वह प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे देंगे।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में अपहृत 16 खदान श्रमिकों में से 8 को बचाया, गोलीबारी के दौरान 3 घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने गुरुवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों द्वारा अपहृत किए गए 16 खदान श्रमिकों में से आठ को बचा लिया।



सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान भीषण गोलीबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप बचाए गए आठ श्रमिकों में से तीन घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

यह गोलीबारी लक्की मरवात और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों की सीमा पर हुई, जब अपहरणकर्ता बंदियों को उत्तरी वजीरिस्तान ले जाने की कोशिश कर रहे थे। बचाव अभियान उस समय शुरू किया गया जब तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने लक्की मरवात जिले में यूरेनियम और प्लूटोनियम खनन स्थल पर श्रमिकों को ले जा रहे एक वाहन को रोक लिया और बंदूक की नोक पर उन्हें जबरन वहां से हटा दिया तथा कबूल खेल क्षेत्र में वाहन में आग लगा दी।

अधिकारियों ने बताया कि जिस खनन परियोजना में ये लोग काम करते थे, वह पाकिस्तान के परमाणु ऊर्जा आयोग से संबंधित है।

खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने अपहरण की कड़ी निंदा करते हुए इसे बेहद खेदजनक और अस्वीकार्य कृत्य बताया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र में शांति को बाधित करने के प्रयास सफल नहीं होंगे और उन्होंने शेष बंधकों की सुरक्षित रिहाई का वादा किया।

इस बीच, टीटीपी प्रवक्ता मुहम्मद खुरसानी ने एक बयान जारी कर दावा किया कि कार्यकर्ताओं को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि मांगों पर दबाव बनाने के लिए अगवा किया गया था। उन्होंने सरकार से सशस्त्र जवाबी कार्रवाई से बचने और जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया।

# मौलवी ने हिजाब पहनने को बोला, भड़की लड़की ने खीचीं पगड़ी और फिर किया ऐसा काम

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें मेहराबाद के एक एयरपोर्ट पर एक महिला मौलवी से भिड़ती हुई दिखाई दे रही है।



बता दें कि ईरान की राजधानी तेहरान के मेहराबाद एयरपोर्ट का एक घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक महिला वहां पर बैठे मौलवी की पगड़ी खींचती और फिर उसे हिजाब के रूप में लपेटती हुई नजर आ रही है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पहले उन दोनों के बीच में बहस होती है और फिर महिला यह कदम उठाती है। कथित तौर पर महिला वहां पर बिना हिजाब के थी, जिसे लेकर मौलवी बार-बार उसे ताना मार रहा था। ङ्ग पर यूजर नवीद मोहेबी द्वारा शेयर की गई क्लिप में, बिना हिजाब के दिख रही महिला गुस्से में मौलवी की पगड़ी उतार देती है और झगड़े के दौरान उसे दुपट्टे की तरह अपने सिर पर रख लेती है।

फिर उसने चिल्लाते हुए पूछा, क्या अब मैं तुम्हारी प्रशंसा के लायक हूं। इसके बाद महिला अपने पति को ढूंढने लगती है। वह बार-बार मौलवी से कहती है कि तुमने मेरे पति के साथ क्या किया।

एक्स पर वीडियो साझा करते हुए, मोहेबी ने लिखा, बहादुर ईरानी महिला ने ईरान में एक व्यक्ति का सामना किया। मेहराबाद हवाई अड्डा- बिना हिजाब वाली एक महिला ने गुस्से में एक व्यक्ति की पगड़ी पकड़ ली और उसे अपने सिर पर लपेट लिया। ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति ने पहले भी उससे बहस की थी।

# निकट है यूक्रेन युद्ध का अंत? क्या पुतिन को मना लेंगे ट्रंप; जोरों पर मुलाकात की तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। क्या यूक्रेन युद्ध का अंत निकट है? रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ डोनाल्ड ट्रंप क्या यूक्रेन में शांति की पहल ला पाएंगे? दरअसल ऐसी बात इसलिए एक बार फिर चर्चा में आ गई है क्योंकि अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ी पहल की ओर इशारा किया है। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक की तैयारी की बात कही है।



ट्रंप ने फ्लोरिडा के अपने मार-ए-लागो क्लब में रिपब्लिकन गवर्नरों के साथ एक बैठक के दौरान बताया कि पुतिन उनसे मिलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम इस बैठक की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुलाकात उनके राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत यानी 20 जनवरी के बाद ही संभव होगी।

ट्रंप ने जोर देकर कहा कि वह यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। उनके इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम रूस के पक्ष में हो सकता है, जबकि अन्य इसे युद्ध समाप्ति की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास के रूप में देख रहे हैं। ट्रंप का दावा है कि रूस की ओर से राष्ट्रपति पुतिन ने पहले ही ट्रंप से बातचीत की इच्छा जाहिर की है। लेकिन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि अब तक ट्रंप की टीम की ओर से कोई औपचारिक अनुरोध नहीं मिला है। पेसकोव ने कहा, अगर राष्ट्रपति पद संभालने के बाद बातचीत की राजनीतिक इच्छा बनी रहती है, तो राष्ट्रपति पुतिन इसका स्वागत करेंगे।

# ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को बड़ी राहत, 1 लाख करोड़ के जीएसटी नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और कैसीनो को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने कर चोरी के मामले में जारी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के कारण बताओ नोटिस पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने मामले की सुनवाई की। शीर्ष अदालत एक ऑनलाइन गेमिंग फर्म को जारी 21,000 करोड़ रुपये के जीएसटी सूचना नोटिस को रद्द करने के कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले पर भी रोक लगा चुकी है। केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर 2023 में जीएसटी कानून में संशोधन किया था। इसके तहत विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए भारत में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया था। अक्टूबर 2023 में ही जीएसटी विभाग ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इन कंपनियों पर कर चोरी का आरोप लगा। अगस्त 2023 में जीएसटी परिषद ने साफ किया कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर जितने रुपये का दांव लगाया जाएगा, उस पूरी रकम पर 28 फीसदी जीएसटी वसूला जाएगा।

## चीन के बांध ने बदल दी पृथ्वी की रफ्तार, अब ब्रह्मपुत्र पर प्रलय का सामान तैयार करेगा ड्रैगन



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने का प्लान कर रहा है। जानकारों का कहना है कि यह बांध तीव्र भूकंप संभावित क्षेत्र में बनने जा रहा है जो कि प्रलय का सामान है। पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश भी इस बांध से प्रभावित होगा। वहीं चीन सफाई दे रहा है कि इससे भारत और बांग्लादेश पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है। हाल ही में तिब्बत में तेज भूकंप आया जिससे भारी तबाही हुई। इसके बाद लोग इस बांध को लेकर काफी चिंतित हैं। इसी बीच नासा ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि चीन में मौजूद अब तक के सबसे बड़े बांध %थ्री गार्जेस डैम% से पृथ्वी की घूमने की गति प्रभावित हो गई है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नासा ने दावा किया है, बांध की वजह से धरती की घूमने की रफ्तार 0.06 माइक्रोसेकंड कम हो गई। नासा का कहना है कि एक डैम की वजह से धरती की घूर्णन गति में आया यह बदलाव भले ही मामूली लगता हो लेकिन यह चिंता का कारण बन सकता है। इंसान की किसी गतिविधि की वजह से अगर प्रकृति में इतना बड़ा बदलाव आ रहा है तो यह प्रलय का संकेत भी हो सकता है। धरती की घूमने की गति से ना

## महिलाओं को खूब लुभा रही सरकार की ये फ्री स्कीम




नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनावों में लगातार महिला वोटरों का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। वर्ष 2019 के आम चुनाव के मुकाबले वर्ष 2024 के आम चुनाव में 1.8 करोड़ ज्यादा महिलाओं ने वोट डाले हैं। यह आंकड़ा तो पिछले दिनों चुनाव आयोग ने ही जारी किया था। लेकिन एसबीआइ की रिसर्च टीम ने इस बात का पता लगाया है कि महिला वोटरों की संख्या बढ़ने के पीछे वजह क्या है।

रिसर्च से यह बात सामने आती है कि जिन राज्यों में महिला केंद्रित योजनाएं लॉच की गई हैं, वहां महिला वोटरों की संख्या उन राज्यों के मुकाबले तेजी से बढ़ी हैं जहां इस तरह की योजनाएं लॉच की गई हैं। रिपोर्ट यह भी बताती है कि जिन राज्यों में पीएम जन धन योजना और मुद्रा खाता खोलने में महिलाओं की हिस्सेदारी ज्यादा है वहां भी महिला वोटरों की संख्या दूसरे राज्यों के मुकाबले तेजी से बढ़ी है।

रिसर्च रिपोर्ट में महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 बताई गई है जिसमें असम, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक जैसे राज्य हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है। यह तुलना वर्ष 2019 के मुकाबले 2024 का है। जबकि गोवा, आंध्र प्रदेश व अन्य राज्य जहां महिला केंद्रित योजनाओं पर ज्यादा फोकस नहीं किया गया है वहां महिला वोटरों की संख्या औसतन 2.5 लाख (कुल 30 लाख) ही बढ़ी है।

## तिरुपति भगदड़ मामले में पांच अधिकारियों पर गिरी गाज, सीएम ने मृतकों के परिजनों को 25 लाख रुपये देने का किया एलान



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भगदड़ में छह श्रद्धालुओं की मौत के एक दिन बाद तिरुपति के एसपी, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के संयुक्त कार्यकारी अधिकारी और एक अन्य अधिकारी का तबादला कर दिया है। इसके अलावा घटनास्थल पर मौजूद डीएसपी समेत दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

भगदड़ के सिलसिले में दो एफआइआर दर्ज- राजस्व अधिकारियों की शिकायत के बाद पुलिस ने भगदड़ के सिलसिले में दो एफआइआर दर्ज की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये प्राथमिकी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत दर्ज की गई हैं, जो अप्राकृतिक मौतों से संबंधित है। उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भगदड़ के लिए राज्य सरकार की ओर से लोगों से माफी मांगी है।

बुधवार रात तिरुपति में एमजीएम स्कूल के पास बैरागी पट्टेदा में मची भगदड़ में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 40 अन्य घायल हो गए थे। सैकड़ों लोग तिरुमला पहाड़ियों पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट पाने की खातिर धक्का-मुक्की करने लगे, जिसके चलते भगदड़ मची।

10 जनवरी से शुरू हो रहे 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु तिरुपति आए हुए हैं। चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को भगदड़ में घायल हुए श्रद्धालुओं से एक अस्पताल में मुलाकात की।

सरकार देगी 25-25 लाख रुपये मुआवजा- मुख्यमंत्री ने श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में घायल श्रद्धालुओं के साथ 90 मिनट बिताए। उन्होंने एक के बाद एक मरीजों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं। इससे पहले नायडू ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरुपति में मची भगदड़ से उन्हें बहुत दुख हुआ है। उन्होंने घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की।

## 48 घंटे के भीतर बदलेगा मौसम, 11 राज्यों में बारिश व ओलावृष्टि का अलर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में भीषण ठंड और घने कोहरे का दौर जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बार भी कई राज्यों में घने कोहरे और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम ईरान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। यह तेजी से उत्तर पश्चिम भारत की तरफ बढ़ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 11 और 12 जनवरी को बारिश के आसार हैं। 12 जनवरी को तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

इन राज्यों में पड़ेगा घना कोहरा उधर, पंजाब और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में कोल्ड- डे जैसी स्थिति देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक 12 और 13 जनवरी को हरियाणा-चंडीगढ़, पूर्वी राजस्थान और पंजाब के कुछ स्थानों में 12 और 13 जनवरी को सुबह व रात के समय घना से बहुत घना कोहरा छाने की संभावना है। 11 जनवरी को बिहार, सिक्किम और उत्तर बंगाल व पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में सुबह और रात को घने कोहरे की संभावना है।

48 घंटों में उत्तर भारत पहुंचेगा पश्चिमी विक्षोभ- आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया कि ईरान में सक्रिय नया पश्चिम विक्षोभ आने वाले 48 घंटों के भीतर उत्तर भारत को प्रभावित कर सकता है। विक्षोभ की वजह से आज और कल (11 जनवरी) को पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश और कुछ ओलावृष्टि हो सकती है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 2-3 दिनों तक पूरे उत्तर भारत में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

## कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम की बढ़ी परेशानी, सीबीआई ने भ्रष्टाचार का नया मामला किया दर्ज




नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के बेटे और कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की परेशानी और बढ़ गई है। सीबीआइ ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एक नया मामला दर्ज किया है। कार्ति पर आरोप लगा है कि उन्होंने मादक पेय कंपनी डियाजियो स्कॉटलैंड को उसकी व्हिस्की की शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध से राहत दी थी।

संदिग्ध भुगतान से संबंधित है यह मामला- सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि यह मामला एडवांटेज स्ट्रेटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को डियाजियो स्कॉटलैंड और सिकोइया कैपिटल्स द्वारा किए गए संदिग्ध भुगतान से संबंधित है। यह कार्ति चिदंबरम और उनके करीबी सहयोगी एस. भास्कररमन द्वारा नियंत्रित एक इकाई है।

प्राथमिकी में कहा गया है कि विभिन्न प्रस्तावों की जांच करने पर पाया गया कि डियाजियो स्काटलैंड और सिकोइया कैपिटल्स ने एडवांटेज स्ट्रेटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को संदिग्ध रूप से धन हस्तांतरित किया है। यह कार्ति पी चिदंबरम और उनके करीबी सहयोगी एस. भास्कररमन द्वारा नियंत्रित एक इकाई है।

यूके ड्यूटी-फ्री जानी वॉकर व्हिस्की का आयात करता था- जांच में पाया गया है कि डियाजियो स्काटलैंड, यूके ड्यूटी-फ्री जानी वॉकर व्हिस्की का आयात करता था। प्राथमिकी में नामित संदिग्धों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि अप्रैल 2005 में भारत पर्यटन विकास निगम (आइटीडीसी), जिसके पास भारत में आयातित शुल्क मुक्त शराब की बिक्री पर एकाधिकार था, ने भारत में डियाजियो समूह के शुल्क मुक्त उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया।

सीबीआई एफआईआर में लगाए ये आरोप- इसके चलते डियाजियो स्कॉटलैंड को काफी नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि भारत में उसका 70 प्रतिशत कारोबार जानी वॉकर व्हिस्की की बिक्री से जुड़ा था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 पौष शुक्ल द्वादशी


## संपादकीय

# भारत में तेजी से बढ़ती जनसंख्या को गरीबी और पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है....



भारत में तेजी से बढ़ती जनसंख्या को गरीबी और पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए ही सरकार ने सदी के सातवें दशक में हम दो, हमारे दो का नारा देकर लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया।

देश में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ने और शहरीकरण की वजह से इसका असर भी दिख रहा है और जनसंख्या वृद्धि में तेजी से गिरावट आई है। कुछ समुदायों में तो कुल प्रजनन दर (टीएफआर) घट कर रिप्लेसमेंट रेट 2.1 प्रतिशत से भी नीचे चली गई है।हाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इसी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि अगर टीएफआर 2.1 प्रतिशत से नीचे जाती है तो समाज अपने आप खत्म हो जाएगा। ऐसे में उन्होंने लोगों से कम से कम तीन बच्चे पैदा करने की अपील की है।जापान में भी आशंका जताई गई है कि अगर टीएफआर नहीं बढ़ाई गई तो अगले 120 वर्ष में जापान गायब हो जाएगा। जनसंख्या वृद्धि में गिरावट क्या देश और समाज के अस्तित्व के लिए खतरा बन सकती है, इसकी पड़ताल ही आज का अहम मुद्दा है?क्यों गिर रही है प्रजनन दर - शहरीकरण और आधुनिक जीवन शैली शिक्षा, प्रोफेशन और स्वास्थ्य सुविधाओं तक बेहतर पहुंच की वजह से महिलाएं आम तौर पर कम बच्चे पैदा करना चाहती हैं।देर से शादी होना- बढ़ती आकांक्षाओं और करियर बनाने की प्राथमिकताओं की वजह से युवा अब देर से शादी कर रहे हैं। इसकी वजह से बच्चे पैदा करने की अवधि कम हो गई है।परिवार नियोजन और जागरुकता- परिवार नियोजन सेवाएं और गर्भनिरोधक अब आसानी से उपलब्ध हैं। इससे दंपती यह तय करने में सक्षम हैं कि उनके कितने बच्चे होने चाहिए।आर्थिक दबाव- जीवन जीने की लागत तेजी से बढ़ रही है। खास कर शहरों में। इससे एक से अधिक बच्चों का पालन- पोषण करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।कैसे होगा भारत का भविष्य?घटती जनसंख्या वृद्धि देश के सामाजिक -आर्थिक परिदृश्य को बदल देगी।बुजुर्गों की आबादी बढ़ने से उनकी देखभाल के लिए सेवाएं देने वालों की मांग बढ़ेगी।कम बच्चे होने से युवाओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराने पर निवेश बढ़ेगा।

शहरी इलाके बदलते परिदृश्य के हिसाब से खुद को आसानी से ढाल पाएंगे लेकिन उम्रदराज लोगों की अधिक आबादी के साथ ग्रामीण इलाकों में दिक्कतें बढ़ेंगी।

सकारात्मक असरज्यादा मिलेंगे संसाधन, बेहतर होगा जीवन स्तर

बेहतर जीवन स्तर- परिवार में कम बच्चे होंगे तो कमाने वाले पर निर्भर सदस्य कम होंगे। इससे उनको गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की सुविधा मिलेगी और जीवन स्तर बेहतर होगा।

टिकाऊ संसाधन प्रबंधन- जनसंख्या बढ़ने की रफ्तार सुस्त होने से प्राकृतिक संसाधनों जैसे पानी, जमीन, ऊर्जा पर दबाव कम होगा।महिला सशक्तिकरण- परिवार छोटे होने से महिलाओं को शिक्षा हासिल करने और करियर बनाने के ज्यादा मौके मिलेंगे। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।नकारात्मक प्रभाव आर्थिक और जनसांख्यिकी से जुड़ी चुनौतियांबढ़ेगी बुजुर्गों की आबादी- जनसंख्या वृद्धि में गिरावट जारी रहने से 2050 तक भारत में बुजुर्गों की आबादी काफी अधिक हो जाएगी। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं पर दबाव बढ़ेगा।

श्रमिकों की किल्लत- कुल जनसंख्या में काम करने योग्य आबादी की हिस्सेदारी कम होने से श्रमिकों की कमी हो जाएगी। यह आर्थिक विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।

# लाल बहादुर शास्त्री




लाल बहादुर शास्त्री एक प्रसिद्ध भारतीय राजनेता, महान् स्वतंत्रता सेनानी और जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। वे एक ऐसी हस्ती थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश को न सिर्फ सैन्य गौरव का तोहफा दिया बल्कि हरित क्रांति और औद्योगीकरण की राह भी दिखाई। शास्त्री जी किसानों को जहां देश का अन्नदाता मानते थे, वहीं देश के सीमा प्रहरियों के प्रति भी उनके मन में अगाध प्रेम था जिसके चलते उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया।

## जीवन परिचय

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर, 1904 को मुग़लसराय, उत्तर प्रदेश में मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव के यहाँ हुआ था। इनके पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। अत: सब उन्हें मुंशी जी ही कहते थे। बाद में उन्होंने राजस्व विभाग में लिपिक (क्लर्क) की नौकरी कर ली थी। लालबहादुर की माँ का नाम रामदुलारी था। परिवार में सबसे छोटा होने के कारण बालक लालबहादुर को परिवार वाले प्यार से नन्हें कहकर ही बुलाया करते थे। जब नन्हें अठारह महीने का हुआ तब दुर्भाग्य से पिता का निधन हो गया। उसकी माँ रामदुलारी अपने पिता हजारीलाल के घर मिर्ज़ापुर चली गयीं। कुछ समय बाद उसके नाना भी नहीं रहे। बिना पिता के बालक नन्हें की परवरिश करने में उसके मौसा रघुनाथ प्रसाद ने उसकी माँ का बहुत सहयोग किया। ननिहाल में रहते हुए उसने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की। उसके बाद की शिक्षा हरिश्चन्द्र हाई स्कूल और काशी विद्यापीठ में हुई। काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि मिलते ही प्रबुद्ध बालक ने जन्म से चला आ रहा जातिसूचक शब्द श्रीवास्तव हमेशा के लिये हटा दिया और अपने नाम के आगे शास्त्री लगा लिया। इसके पश्चात् शास्त्री शब्द लालबहादुर के नाम का पर्याय ही बन गया।

## शिक्षा

भारत में ब्रिटिश सरकार के ख़िलाफ़ महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए असहयोग आंदोलन के एक कार्यकर्ता लाल बहादुर थोड़े समय (1921) के लिये जेल गए। रिहा होने पर उन्होंने एक राष्ट्रवादी विश्वविद्यालय काशी विद्यापीठ (वर्तमान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ) में अध्ययन किया और स्नातकोत्तर शास्त्री (शास्त्रों का विद्वान) की उपाधि पाई। स्नातकोत्तर के बाद वह गांधी के अनुयायी के रूप में फिर राजनीति में लौटे, कई बार जेल गए और संयुक्त प्रांत, जो अब उत्तर प्रदेश है, की कांग्रेस पार्टी में प्रभावशाली पद ग्रहण किए। 1937 और 1946 में शास्त्री प्रांत की विधायिका में निर्वाचित हुए।

## विवाह

1928 में उनका विवाह गणेशप्रसाद की पुत्री ललिता से हुआ। ललिता जी से उनके छ: सन्तानें हुईं, चार पुत्र- हरिकृष्ण, अनिल, सुनील व अशोक; और दो पुत्रियाँ- कुसुम व सुमन। उनके चार पुत्रों में से दो- अनिल शास्त्री और सुनील शास्त्री अभी भी हैं, शेष दो दिवंगत हो चुके हैं।

## नेहरू जी से मुलाकात

1929 में इलाहाबाद आने के बाद उन्होंने श्री टंडन जी के साथ भारत सेवक संघ के इलाहाबाद इकाई के सचिव के रूप में काम किया। यहीं उनकी नज़दीकी नेहरू जी से भी बढी। इसके बाद से उनका क़द निरंतर बढता गया जिसकी परिणति नेहरू मंत्रिमंडल में गृहमंत्री के तौर पर उनका शामिल होना था। इस पद पर वे 1951 तक बने रहे।

## नारा मरो नहीं मारो

मरो नहीं मारो का नारा करो या मरो का ही एक रूप था। गाँधीवादी सोच के चलते महात्मा गाँधी ने नारा दिया था- करो या मरो। यह नारा उसी रात दिया गया था, जिस रात भारत छोड़ो आन्दोलन का आगाज़ हुआ। यह इसी नारे का असर था कि सम्पूर्ण देश में क्रान्ति की प्रचंड आग फ़ैल गई। ब्रिटिश शासन के खिलाफ इसे अगर एक हिंसक नारा कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यह नारा लाल बहादुर शास्त्री द्वारा 1942 में दिया गया था, जो कि बहुत ही चतुराई पूर्ण रूप से करो या मरो का ही एक अन्य रूप था तथा समझने में आत्यधिक सरल था। सैंकड़ों वर्षों से दिल में रोष दबाए हुए बैठी जनता में यह नारा आग की तरह फ़ैल गया था। एक तरफ गाँधीवादी विचारधारा अहिंसा के रास्ते पर चलकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन से ब्रिटिश सरकार से आज़ादी लिए जाने का रास्ता था, परन्तु अंग्रेज़ों ने शायद इसे आवाम का डर समझ लिया था। इसी कारण साफ़ अर्थों में अंग्रेज़ों की दमनकारी नीतियों तथा हिंसा के ख़िलाफ एकजुट होकर लड़ना आवश्यक था। तत्पश्चात् स्थिति को भांपते हुए शास्त्री जी ने चतुराईपूर्वक मरो नहीं मारो का नारा दिया, जो एक क्रान्ति के जैसा साबित हुआ।

## मंत्री पद

भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् शास्त्री जी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। वो गोविंद बल्लभ पंत के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में प्रहरी एवं यातायात मंत्री बने। यातायात मंत्री के समय में उन्होंनें प्रथम बार किसी महिला को संवाहक (कंडक्टर) के पद में नियुक्त किया। प्रहरी विभाग के मंत्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए लाठी के जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ कराया। 1951 में, जवाहर लाल नेहरु के नेतृत्व में वह अखिल भारत काँग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किये गये। 1952 में वह संसद के लिये निर्वाचित हुए और केंद्रीय रेलवे व परिवहन मंत्री बने।

## भारत के दूसरे प्रधानमंत्री

1961 में गृह मंत्री के प्रभावशाली पद पर नियुक्ति के बाद उन्हें एक कुशल मध्यस्थ के रूप में प्रतिष्ठा मिली। 3 साल बाद जवाहरलाल नेहरू के बीमार पड़ने पर उन्हें बिना किसी विभाग का मंत्री नियुक्त किया गया और नेहरू की मृत्यु के बाद जून 1964 में वह भारत के प्रधानमंत्री बने। भारत की आर्थिक समस्याओं से प्रभावी ढंग से न निपट पाने के कारण शास्त्री जी की आलोचना हुई, लेकिन जम्मू-कश्मीर के विवादित प्रांत पर पड़ोसी पाकिस्तान के साथ वैमनस्य भड़कने पर (1965) उनके द्वारा दिखाई गई दृढ़ता के लिये उन्हें बहुत लोकप्रियता मिली। ताशकंद में पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब ख़ान के साथ युद्ध करने की ताशकंद घोषणा के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उनकी मृत्यु हो गई।

## जय जवान, जय किसान का नारा

धोती कुर्ते में सिर पर टोपी लगाए गांव-गांव किसानों के बीच घूमकर हाथ को हवा में लहराता, जय जवान, जय किसान का उद्घोष करता। ये उसके व्यक्तित्व का दूसरा पहलू है। भले ही इस महान् व्यक्ति का कद छोटा हो लेकिन भारतीय इतिहास में उसका कद बहुत ऊंचा है। जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद शास्त्री जी ने 9 जून, 1964 को प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण किया। उनका कार्यकाल राजनीतिक सरगर्मियों से भरा और तेज गतिविधियों का काल था। पाकिस्तान और चीन भारतीय सीमाओं पर नज़रें गड़ाए खड़े थे तो वहीं देश के सामने कई आर्थिक समस्याएं भी थीं। लेकिन शास्त्री जी ने हर समस्या को बेहद सरल तरीक़े से हल किया। किसानों को अन्नदाता मानने वाले और देश की सीमा प्रहरियों के प्रति उनके अपार प्रेम ने हर समस्या का हल निकाल दिया जय जवान, जय किसान के उद्घोष के साथ उन्होंने देश को आगे बढ़ाया।

## भारत-पाकिस्तान युद्ध

जिस समय लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री बने उस साल 1965 में पाकिस्तानी हुकूमत ने कश्मीर घाटी को भारत से छीनने की योजना बनाई थी। लेकिन शास्त्री जी ने दूरदर्शिता दिखाते हुए पंजाब के रास्ते लाहौर में सेंध लगा पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस हरकत से पाकिस्तान की विश्व स्तर पर बहुत निंदा हुई। पाक हुक्मरान ने अपनी इज्जत बचाने के लिए तत्कालीन सोवियस संघ से संपर्क साधा जिसके आमंत्रण पर शास्त्री जी 1966 में पाकिस्तान के साथ शांति समझौता करने के लिए ताशकंद गए। इस समझौते के तहत भारत, पाकिस्तान के वे सभी हिस्से लौटाने पर सहमत हो गया, जहां भारतीय सेना ने विजय के रूप में तिरंगा झंडा गाड़ दिया था।

# जीएसटी पोर्टल हुआ ठप, टैक्सपेयर्स परेशान; क्या डेडलाइन बढ़ाएगी सरकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी के लिए मासिक और त्रैमासिक रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन शनिवार, 11 जनवरी 2025 है। लेकिन, इससे ठीक एक दिन पहले जीएसटी पोर्टल ठप पड़ गया। यह पोर्टल पिछले 24 घंटे से अधिक समय से काम नहीं कर रहा है। इससे देशभर के टैक्सपेयर्स चिंतित हैं। कई व्यापारी सारी तैयारी के बावजूद रिटर्न फाइल नहीं कर पा रहे हैं। व्यापारियों ने मौजूदा तकनीकी समस्या को देखते हुए डेडलाइन बढ़ाने की भी मांग की है।

जीएसटीएन ने तकनीकी खराबी पर क्या कहा- जीएसटीएन के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इस समस्या पर प्रतिक्रिया आई है। इसमें कहा गया है, कुछ यूजर्स को अपने जीएसटीआर-1 समरी तैयार करने और फाइल करने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी तकनीकी टीम इस समस्या के समाधान के लिए तेजी से काम कर रही है। एक अन्य अपडेट में जीएसटी पोर्टल के शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक ठीक होने की बात कही गई थी। हालांकि, शाम 4.15 तक भी साइट नहीं खुल रही थी। अब साइट ठीक होने के समय को बढ़ाकर शाम 6 बजे कर दिया गया है।

साइट पर लॉगिन करने पर मैसेज आ रहा है, शेड्यूल्ड डाउनटाइम! हम साइट पर सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं। 10 जनवरी 2025 को सुबह 12:00 बजे से 10 जनवरी 2025 को शाम 6:00 बजे तक सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। किसी भी सवाल के मामले लिए कृपया हमें 1800-103-4786 पर कॉल करें। हम आपके सहयोग की सराहना करते हैं।

जीएसटी पोर्टल काफी देर से है ठप- टैक्सपेयर्स के मुताबिक, पिछले कई घंटों से वे जीएसटी भरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन फाइल अपडेट नहीं हो पा रही है। इससे बहुत-से व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर, उन व्यापारियों को जो आखिरी दिन अपना रिटर्न दाखिल करने की योजना बना रहे थे। पोर्टल के डाउन होने के बाद से टैक्सपेयर्स डेडलाइन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

टैक्सपेयर्स का कहना है कि यह तकनीकी समस्या जीएसटी पोर्टल की तरफ से हुई है, इसलिए उन्हें रिटर्न फाइल करने के लिए अतिरिक्त मोहलत मिले।

## 52 वीक लो से रिकवरी के ट्रैक पर दौड़ा रेलवे का यह शेयर, 900 तक जाएगा भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार में सुस्ती के बीच इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन शेयर में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिली। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 755.40 रुपये के निचले स्तर तक आया। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। इसके बाद शेयर रिकवरी मोड में आ गया। इस शेयर को लेकर एक्सपर्ट भी बुलिश नजर आ रहे हैं।

IRCTC के शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 3त्न से ज्यादा उछलकर 800.65 रुपये पर पहुंच गए। ब्रोकरेज फर्म मैक्वेरी ने शेयर के लिए टारगेट प्राइस 900 रुपये दिया है। इसके साथ ही आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। इसका मतलब है शेयर मौजूदा स्तर से 15% बढ़ सकता है। मई 2024 में शेयर 1,148.30 रुपये के स्तर तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

मैक्वेरी ने कहा कि भारतीय रेलवे की ई-टिकटिंग और खानपान सेवाओं में IRCTC का एकाधिकार इसकी प्रमुख ताकत है। ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक उसे उम्मीद है कि रेलवे आधुनिकीकरण और प्रीमियम ट्रेनों का तेज परिचालन बूस्ट देगा। ब्रोकरेज ने IRCTC के मजबूत वित्तीय मेट्रिक्स की ओर भी इशारा किया, जिसमें 30% मुक्त नकदी प्रवाह मार्जिन और इक्विटी पर 30% से अधिक रिटर्न के अलावा निवेशित पूंजी पर रिटर्न शामिल है।

## गिरावट वाले बाजार में उछला टाटा ग्रुप का ये स्टॉक



नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की आईटी कंपनी टीसीएस के शेयरों में आज शुरुआती कारोबार के दौरान 4 फीसदी से अधिक का उछाल आया और यह 4,225.00 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। दरअसल, टीसीएस ने गुरुवार को तिमाही नतीजे पेश किए, जो बाजार की उम्मीद से बेहतर रहे। कंपनी डिविडेंड का डबल तोहफा भी दिया है। यही वजह है कि टीसीएस के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिल रही है।

टीसीएस के दिसंबर तिमाही के नतीजे कैसे रहे?- वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर तिमाही में टीसीएस का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का रेवेन्यू 6 फीसदी बढ़कर 63,973 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसका दिसंबर तिमाही में टोटल ऑर्डर बुक 1020 करोड़ डॉलर रहा, जो एक साल पहले 810 करोड़ डॉलर था।

टीसीएस ने कितना डिविडेंड दिया है- टाटा ग्रुप की टीसीएस ने 10 रुपये के अंतरिम डिविडेंड और 66 रुपये के स्पेशल डिविडेंड देने की घोषणा की है। रिकॉर्ड डेट 17 जनवरी फिक्स रहेगी। आपको टीसीएस के डिविडेंड का हकदार बनने के लिए 17 जनवरी तक टीसीएस के शेयर खरीदने होंगे। टीसीएस वित्त वर्ष 2024-25 में पहले भी दो बार में प्रति शेयर 10-10 रुपये यानी कुल 20 रुपये का अंतरिम डिविडेंड दे चुकी है।

टीसीएस के शेयरों का हाल- टीसीएस के स्टॉक शेयरों में एक महीने से सुस्ती देखने को मिल रही थी। इस दौरान कंपनी के स्टॉक में 5 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। हालांकि, पिछले 6 महीने में टीसीएस ने 7 फीसदी और 1 साल में 12 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया है। इसका मार्केट कैप 15.15 लाख करोड़ रुपये है। टीसीएस का एक साल का हाई 4,592.25 रुपये है। वहीं, लो-लेवल की बात करें, तो यह 3,591.50 रुपये है। शेयर बाजार के जानकारों का मानना है कि शानदार तिमाही नतीजे और हालिया गिरावट के चलते टीसीएस का वैल्यूएशन काफी आकर्षक हो गया है।

## रेस्टोरेंट में बचा खाना बांटेगी स्विगी, खाने की बर्बादी रोकने में मिलेगी मदद




नई दिल्ली (एजेंसी)। फूड डिलीवरी एग्रीगेटर स्विगी ने गुरुवार स्विगी सर्व्स पहल की शुरुआत की। इसका मकसद खाद्य पदार्थों की बर्बादी को कम करना और भूख की समस्या से लड़ना है। इस प्रोग्राम के तहत स्विगी अपने रेस्टोरेंट पार्टनर से बचा खाना लेगी और उसे जरूरतमंदों में बांटेगी। स्विगी ने इस पहल के लिए स्वयंसेवी संचालित संगठन रॉबिन हुड आर्मी (आरएचए) के साथ भागीदारी की है।

रॉबिन हुड आर्मी एक स्वयंसेवी संगठन है। इससे हजारों युवा पेशेवर, सेवानिवृत्त लोग, गृहिणियां और कॉलेज के छात्र जुड़े हैं। स्विगी फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने नई पहल की जानकारी देते हुए कहा, फिलहाल स्विगी सर्व्स योजना 33 शहरों में चल रही है। हम इस पहल को और अधिक शहरों में ले जाने की योजना बना रहे हैं। इसका मकसद है कि कोई भी खाना बर्बाद न हो।

भारत में कुपोषण गंभीर समस्या- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत में लगभग 19.5 करोड़ कुपोषित लोग हैं। यह दुनिया की कुपोषित आबादी का एक-चौथाई है। 2024 में भारत का ग्लोबल हंगर इंडेक्स स्कोर 27.3 था। इसमें भूख को एक गंभीर समस्या बताया गया था। साथ ही, 2024 GHI में भारत 127 देशों में से 105वें स्थान पर था। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत हर साल प्रति व्यक्ति 55 किलोग्राम भोजन बर्बाद करता है।

## ऑर्गेनिक उत्पादों का बढ़ रहा बाजार, भारतीय किसानों को कैसे मिलेगा फायदा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में बड़ी संख्या में किसान ऑर्गेनिक फार्मिंग (जैविक खेती) की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में संभावना है कि अगले तीन वर्षों में ऑर्गेनिक उत्पादों के निर्यात में लगभग तीन गुनी वृद्धि होगी। अभी पांच से छह हजार करोड़ के ऑर्गेनिक उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है, जो अगले तीन वर्षों में बढ़कर 20 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

यह अनुमान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का है। वह गुरुवार को एपीडा एवं इवेंट पार्टनर फिक्की द्वारा आयोजित नेशनल प्रोग्राम फार ऑर्गेनिक प्रोडक्शन (एनपीओपी) के आठवें संस्करण की शुरुआत के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णन पाल गुर्जर एवं मुरलीधर मोहोल भी मौजूद थे।


गोयल ने किसानों को धीरे-धीरे ऑर्गेनिक फार्मिंग के माध्यम से घरेलू उत्पादन को बढ़ाते हुए विश्व बाजार पर प्रभुत्व बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय, कृषि, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय मिलकर ऑर्गेनिक फार्मिंग की प्रगति के लिए काम कर रहे हैं। इसके तहत किसान उत्पादक संगठनों को कौशल विकास, प्रशिक्षण, निर्यात संवर्धन, विपणन एवं पैकेजिंग आदि में सहयोग किया जा रहा है।

कितना बड़ा ऑर्गेनिक उत्पादों का बाजार

ऑर्गेनिक उत्पादों का विश्व बाजार अभी एक लाख करोड़ रुपये का है। उत्पादन एवं प्रोमोशन बढ़ाकर इसे 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया जा सकता है। अच्छी बात है कि विश्व में ऑर्गेनिक उत्पाद करने वाले सबसे अधिक किसान भारत में हैं। क्षेत्रफल के लिहाज से भी भारत का स्थान दूसरा है। ऐसे में ऑर्गेनिक फार्मिंग के मामले में भारत ग्लोबल लीडर के रूप में उभर सकता है। इससे न सिर्फ किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पादों को प्रोन्नत भी किया जा सकेगा।

कार्यक्रम में पीयूष गोयल ने एनपीओपी पोर्टल का अनावरण भी किया, जो ऑर्गेनिक उत्पादों के कारोबार के लिए संचालन को सुगम बनाएगा। इससे उत्पादन और निर्यात में पारदर्शिता आएगी। किसानों को सशक्त करेगा। इसके माध्यम से नॉन-ऑर्गेनिक से ऑर्गेनिक में रूपांतरण के समय को कम किया जा सकता है।

## इंफोसिस की अमेरिका की IT कंपनी से भिड़ंत, कोर्ट तक पहुंचा विवाद




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस और अमेरिका के कॉग्निजेंट के बीच का विवाद बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों अमेरिकी आईटी कंपनी कॉग्निजेंट ने इंफोसिस के खिलाफ ट्रेड सीक्रेट चुराने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। अब इंफोसिस ने अमेरिकी अदालत में कॉग्निजेंट के खिलाफ एक काउंटर क्लेम दायर किया है।

इंफोसिस का आरोप है कि कंपनी और उसके सीईओ रवि कुमार प्रतिस्पर्धा-विरोधी रणनीति में शामिल थे। उन्होंने सीक्रेट इंफॉर्मेशन का मिसयूज किया और Infosys Helix के ग्रोथ को सुस्त करने में अहम भूमिका निभाई। काउंटर क्लेम में इंफोसिस ने जूरी ट्रायल की मांग की है ताकि अदालत भारतीय आईटी कंपनी के साथ कॉग्निजेंट के समझौतों को अमान्य घोषित करे और साथ ही उसे हुए नुकसान का तीन गुना मुआवजा दे, साथ ही वकील की फीस भी दे।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# शुक्रवार सुबह फ्रिज से महिला का शव मिलने से फैल सनसनी

देवास। देवास शहर के बायपास स्थित वृंदावन धाम कालोनी के एक मकान में शुक्रवार सुबह फ्रिज से महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के तुरंत बाद सक्रिय हुई बीएनपी थाने की टीम ने कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए आरोपित को पकड़ लिया। आरोपित ने मार्च 2024 में महिला की हत्या कर शव को फ्रिज में बंद कर रख दिया था। महिला और आरोपित लिव इन रिलेशन में पिछले करीब 5 वर्ष से रह रहे थे और महिला ने विवाह करने का दबाव बनाया था, जिसके चलते आरोपित और उसके एक साथी ने महिला की गला दबाकर हत्या की और शव को फ्रिज में बंद कर दिया था।



**यह है पूरा घटनाक्रम**-वृंदावन कालोनी में इंदौर निवासी धीरेंद्र श्रीवास्तव के मकान में संजय पाटीदार और पिंकी उर्फ प्रतिभा प्रजापति जून 2023 से किराए से रह रहे थे।

पिछले साल जून में संजय पाटीदार ने यह मकान खाली किया और यहां से चला गया। मकान खाली करने के दौरान संजय ने मकान का एक मास्टर बेडरूम और स्टडी रूम खाली नहीं किया।

उस पर वह अपना ताला लगाकर बाद में खाली करने का कई बार मकान मालिक को कहता रहा। इसी बीच मकान मालिक ने बलवीरसिंह को मकान किराए से दे दिया।

काफी समय तक जब संजय ने कमरे खाली नहीं किए तो मकान मालिक ने पिछले दिनों वर्तमान किराएदार को ताला तोड़कर संजय का सामान बाहर रखने के लिए कहा।

इसके बाद गुरुवार को बलवीर ने ताला तोड़कर सामान एक तरफ किया। इसी दौरान उनको कमरे में फ्रिज का स्विच आन दिखा, जिसको उन्होंने बंद कर दिया।

इसके बाद शुक्रवार सुबह कमरे से दुर्गंध आने लगी। इस पर उन्हें शंका हुई तो जानकारी मकान मालिक और पुलिस को दी गई। फ्रिज को खोला तो उसमें से महिला की लाश निकली

सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फ्रिज को खोला तो उसमें से महिला की लाश निकली, जिसके तुरंत बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी और प्रथम दृष्टया पूछताछ में ही पुराने किराएदार संजय पाटीदार पर शंका हुई।

पुलिस ने तुरंत उसकी तलाश शुरू की और इसी बीच महिला की शिनाख्त भी पिंकी प्रजापति के रूप में की गई।

एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि आरोपित उज्जैन जिले के इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोलाना का निवासी है।

आरोपित को थाना बीएनपी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ शुरू कर दी। एसपी गेहलोद ने बताया कि आरोपित संजय ने अपने साथी विनोद दवे के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया था।

विनोद के राजस्थान के टोंक जिले में किसी अपराध के सिलसिले में जेल में बंद होने की जानकारी सामने आई है। फ्रिज में जम गया था शव

एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि आरोपित पाटीदार ने मार्च 2024 में ही पिंकी की हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद फ्रिज को सबसे कम तापमान पर सेट कर बंद कर दिया।

आरोपित ने फ्रिज को बाहर से कपड़े से बांधा और उपर से कवर कर अन्य सामान भी फ्रिज पर रख दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शव खराब न हो इसलिए उसने फ्रिज का स्विच आन ही रखा, जिसके चलते शव फ्रिज में जम गया था।

इसी के चलते शव खराब नहीं हुआ और उसमें से किसी प्रकार की दुर्गंध भी नहीं आई।

गुरुवार को जब फ्रिज बंद हुआ, तो शरीर डिकंपोज होने लगा और बदबू के साथ फ्रिज में जमी बर्फ पिघली और खून भी बाहर निकलने लगा।।

## उत्पाती जनपद पंचायत अध्यक्ष 9 जिलों से जिलाबदर, कई थानों में 21 से अधिक मामले हैं दर्ज



डिंडौरी। करंजिया जनपद पंचायत अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे को कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश उनके 22 वर्षों से चले आ रहे अपराधिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए दिया गया है।

चरण सिंह धुर्वे ग्राम तरेरा का निवासी है, उनके खिलाफ 2002 से लेकर अब तक कुल 21 मामलों में स्नद्धक्र दर्ज हो चुकी है। इन मामलों में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता को धमकाना, मारपीट करना और शासकीय कार्यालयों में गाली गलौज जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।रेत ठेकेदार के कर्मचारियों से मारपीट और गाली गलौज चार जनवरी को रेत ठेकेदार के कर्मचारियों से मारपीट और गाली गलौज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस पर कड़ी कार्रवाई का दबाव बढ़ा। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने यह आदेश दिया।कई जिलों से जिलाबदर-इस आदेश के तहत चरण सिंह धुर्वे को जिला डिंडौरी सहित पड़ोसी जिलों मंडला, जबलपुर, उमरिया, अनूपपुर, शहडोल और छत्तीसगढ़ राज्य के गौरेला, पेंड्रा, मरवाही जिलों की सीमा से एक वर्ष के लिए बाहर कर दिया गया है।धुर्वे आदेश का उल्लंघन करता है, तो उनके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था अधिनियम की धारा 14 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 25 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया बाबू, बहाली के लिए मांगे थे रुपये

दतिया। ईओडब्ल्यू ग्वालियर की टीम ने न्यू कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन शाखा में पदस्थ बाबू को रिश्वत लेते पकड़ा। शुक्रवार सुबह बाबू आलोक खरे शिकायकर्ता से 25 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था, जिसे पहले ही टीम में मौजूद अधिकारियों ने उसे रिश्वत के रुपयों सहित धर लिया।



इस संबंध में उपपुलिस अधीक्षक दामोदर गुप्ता ने बताया कि शामावि जिगना के शिक्षक राकेश शिवहरे को बीएलओ बनाया गया था। दिसंबर में किसी कारणवश उन्हें निलंबित कर दिया गया था। इस मामले में उनकी बहाली का आदेश कलेक्टर दतिया द्वारा दिया गया।बहाली पत्रक बनाने के लिए 30 हजार रुपये मांगे थे

इसका भांडेर से उपस्थिति पत्रक तैयार करने एवं बहाली फाइल तैयार करने का कार्य निर्वाचन शाखा दतिया के बाबू आलोक खरे उर्फ ब्रजेंद्र भूषण खरे को करना था। जो उक्त कार्य करने के एवज में शिक्षक राकेश शिवहरे से 30 हजार रुपये की मांग कर रहा था।


### *न्यू कलेक्ट्रेट में हुआ एक्शन*

इस संबंध में शिक्षक ने एक आवेदन ईओडब्ल्यू ग्वालियर में प्रस्तुत किया। शुक्रवार को उक्त शिक्षक निर्वाचन शाखा के बाबू खरे को रिश्वत के रुप में राशि देने वाला था। जिसे लेकर उसने पहले ही सूचना ईओडब्ल्यू ग्वालियर की टीम को कर दी थी। शुक्रवार को ऑफिस समय में न्यू कलेक्ट्रेट पर टीम पहुंच गई।

वहां जैसे ही शिक्षक ने निर्वाचन शाखा बाबू आलोक खरे को 25 हजार रुपये दिए वैसे ही टीम ने बाबू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान कार्यवाहक निरीक्षकगण घनश्याम भदौरिया एवं योगेंद्र दुबे ने बाबू के रिश्वत लेने के मामले में मौके पर ही रिपोर्ट तैयार की।

# ग्वालियर-इटावा हाईवे पर तेज रफ्तार कार कोहरे में खंभे से टकराई, मामा-भांजे की मौत

भिंड। ग्वालियर-इटावा हाइवे 719 पर देहात थाना अंतर्गत भारौली रोड पर बाइपाास पर गुरुवार-शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभा से टकरा गई। जिसस कार में आगे सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया है।



पुलिस के मुताबिक बैतूल निवासी 30 वर्षीय आकाश जाटव अपने फूफा के घर त्रियोदशी कार्यक्रम में शामिल होने भिंड आया था। आकाश शाम को अपने मामा नरेंद्र जाटव और अन्य चार लोगों के साथ रात में एक ढाबे पर खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद वह कार से वापस अपने घर लौट रहे थे। कार आकाश चल रहा था, जबकि मामा नरेंद्र ड्राइविंग सीट के बगल से बैठे हुए थे।

कोहरे के कारण खंभे से टकराई-रात करीब एक बजे तेज रफ्तार कार बाइपास स्थित भारौली तिराहे पर कोहरे के कारण बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे की सूचना एक ट्रक चालक ने डायल 100 को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को जिला अस्पताल लेकर गई।

ट्रामा सेंटर में डॉक्टर ने जांच के बाद आकाश जाटव और मामा 34 वर्षीय नरेंद्र जाटव को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल 35 वर्षीय पंचम सिंह, 24 वर्षीय जितेंद्र सिंह और दो अन्य लोग शामिल हैं।पत्नी ने कॉल किया तब हादसे का पता चला बताया जाता है, कि जब देर रात तक नरेंद्र घर नहीं पहुंचे तो उसकी पत्नी सुमन ने पति के मोबाइल पर काल किया। नरेंद्र का फोन एक पुलिसकर्मी ने उठाया और उसे हादसे की जानकारी दी।




# केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी ने तेजाजी नगर से बलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग का किया हवाई निरीक्षण

## केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन्दौर संभाग में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी ली

इन्दौर। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी ने आज इन्दौर-हैदराबाद कॉरीडोर ह॥-347क्क्ष के तेजाजी नगर से बलवाड़ा (पेकेज-2) राष्ट्रीय राजमार्ग का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग पर बन रही तीन टनल- भेरूघाट टनल लम्बाई 576 मीटर, बाईग्राम टनल लम्बाई 480 मीटर और चोरल घाट टनल लम्बाई 550 मीटर का निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि उक्त मार्ग 2025 के अंत तक पूर्ण हो जायेगा। टनल निर्माण के पश्चात भेरूघाट एवं चोरल घाट पर स्थित ब्लैक स्पाट पर हो रही दुर्घटनाओं से मुक्ति मिलेगी। साथ ही इन्दौर से ओंकारेश्वर, खण्डवा, बुरहानपुर, जलगांव महाराष्ट्र की ओर जाने वाले यातायात एवं जनसामान्य को सुविधा मिलेगी।



केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गड़करी द्वारा इन्दौर शहर के राऊ सर्कल पर स्थित 1.22 किलोमीटर लम्बाई के 6 लेन फ्लाय ओवर का भी हवाई निरीक्षण किया गया। बताया गया कि फ्लाय ओवर निर्माण का कार्य पूर्ण होने से जनसामान्य को ट्रेफिक जाम से मुक्ति मिली है एवं यातायात भी सुगमता से संचालित हो रहा है।

### इन्दौर संभाग में राष्ट्रीय राजमार्गों के चल रहे निर्माण कार्यों की ली जानकारी

एयरपोर्ट इंदौर में केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गड़करी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इन्दौर संभाग में राष्ट्रीय राजमार्गों के चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी भी ली गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी श्री श्रवण कुमार सिंह और इन्दौर के परियोजना निदेशक श्री सुमेश बांजल द्वारा निर्माण कार्यों का प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया। बैठक में बताया गया कि इंदौर शहर के स्थानीय परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर आवागमन की सुगमता हेतु एम.आर.-10 जंक्शन, बेस्ट प्राइस पर एक 6 लेन का 3 लेयर फ्लायओवर एवं अर्जुन बड़ोदा, रालामंडल पर अण्डरपास के कार्य प्रगतिरत हैं, जिनके पूर्ण होने के पश्चात इन्दौर शहरी क्षेत्र में आवागमन सुगम हो जायेगा। इसके साथ ही इन्दौर-देवास एनएच-52 पर देवास जंक्शन पर स्थित रसलपुर 6 लेन फ्लायओवर का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इन फ्लायओवर एवं अण्डरपास के निर्माण से ट्राफिक जाम से मुक्ति मिलेगी एवं इंदौर शहर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग का आवागमन सुरक्षित होगा।

जानकारी दी गई कि इंदौर-खलघाट राजमार्ग के बाकानेर घाट (ब्लैक स्पाट) पर सुरक्षा पहलुओं को देखते हुए सड़क ज्यामिति को उन्नत करने हेतु 8.87 किलोमीटर लम्बाई में मार्ग निर्माण कार्य समय से पूर्व पूर्ण कर लिया गया है। इससे घाट पर होने वाली दुर्घटनाओं से जन सामान्य को मुक्ति मिली। केन्द्रीय मंत्री ने इस कार्य की सराहना की। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इन्दौर-ओंकारेश्वर मार्ग पर बन रहे नवीन नर्मदा ब्रिज निर्माण में प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण का वीडियो मंत्री जी को दिखाया गया।

अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी को अवगत कराया गया कि इन्दौर बायपास मार्ग पर यातायात का दबाव काफी बढ गया है। साथ ही शहर के पूर्वी हिस्से में बायपास के दोनों ओर निरन्तर नई रहवासी कालोनियां एवं माल, गोड़ाउन, वेयर हाउस इत्यादि का विकास हो रहा है। साथ ही इन्दौर विकास प्राधिकरण एवं शासन की अन्य रहवासी परियोजनाओं का विकास भी इस भाग में सतत हो रहा है। साथ ही इन्दौर से खण्डवा, नागपुर, अहमदाबाद एवं महाराष्ट्र की ओर जाने वाले भारी वाहनों का भी अत्यधिक दबाव रहता है। केन्द्रीय मंत्री द्वारा मार्ग के कांक्रीट भाग (मांगलिया से राऊ तक) 32 किलोमीटर लम्बाई में डामरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य करने तथा छोटे बोगदों को बड़ा करने की सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गयी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना क्रियान्वयन इकाई इंदौर द्वारा वेस्टर्न रिंग रोड लम्बाई 64 किलोमीटर के निर्माण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण किये जाने एवं 3जी अवार्ड किये जाने हेतु राज्य शासन से आग्रह किया गया, ताकि वेस्टर्न रिंग रोड़ का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जा सके।

### युवा शक्ति मिशन- आत्मनिर्भरता की ओर कदम

इंदौर। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और रचनात्मक दिशा देने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ किया जा रहा है। यह मिशन स्वामी विवेकानंद के उस विचार से प्रेरित है जिसमें उन्होंने युवाओं को जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने और समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए अपने आंतरिक प्रकाश का अनुसरण करने का संदेश दिया था।

भारत, जो कि दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है, अपनी कुल जनसंख्या का 27.3 प्रतिशत हिस्सा 15 से 29 वर्ष के युवाओं के रूप में समेटे हुए है। यह मिशन उन युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जिससे वे अपने सामर्थ्य को पहचानकर जीवन की हर चुनौती का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकें।

## विश्व ब्राह्मण समाज संघ की पहल, प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर

इंदौर। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा प्रतिवर्ष अटल गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष भी देश की ख्यात विभिन्न 101 प्रतिभाओं को 18 जनवरी को इस सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। यह सम्मान समारोह इंदौर के जाल सभागृह में आयोजित होगा।

विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री दर्जा पंडित योगेंद्र महंत ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक यशवंत निवास रोड इंदौर स्थित मुख्यालय भवन 302 रॉयल डायमंड पर हुई जिसमें समारोह की भव्यता और प्रविष्ठियों के चयन हेतु चयन कार्यकारिणी के नाम पर विचार किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं.योगेंद्र महंत ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय स्तर पर 'अटल रत्न राष्ट्रीय सम्मान 2024' और 'अटल गौरव राज्य स्तरीय सम्मान' दो अलग-अलग कैटेगरी में दिया जाएगा। अभी तक सम्मान समारोह के लिए 500 से ज्यादा प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं। प्रतिभाओं चयन के लिए जल्दी ही ज्युरी बनाई जा रही है। बैठक में प्रमुख रूप से रामप्रकाश शर्मा प्रभुजी, विजय बोडखा, सुरेश पाठक, अर्पणा जोशी, अशोक चतुर्वेदी आदि शामिल रहे।

इन क्षेत्रों में कार्यो को मिलेगा प्रोत्साहन- विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेंद्र महंत ने बताया कि 'अटल रत्न राष्ट्रीय सम्मान' के लिए शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाजसेवा, प्रशासनिक अधिकारी, ज्योतिष, धर्म समाज, कानून संबंधी, विशेष रिसर्च खोज डॉक्टरेट आदि विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ योग्यता के लिए प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार 'अटल गौरव राज्य सम्मान' के लिए जिले एवं संभाग स्तर पर विशेष कार्यो को प्रोत्साहित किया जाएगा जिससे समाज और राष्ट्र में नवनिर्माण और नवाचार का भाव जागृत हो रहा हो।

## इंदौर में भिक्षुकों की सूचना देने वालों को जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है पुरस्कृत

इंदौर। इंदौर भिक्षुक मुक्त शहर बनने की ओर अग्रसर है। इंदौर जिले को भिक्षुक मुक्त बनाने की कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अभिनव पहल जारी है। इस पहल के तहत भिक्षा मांगने वालों की सूचना देने वाले नागरिकों को पुरस्कृत किया जा रहा है।



कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

## इंदौर शहर में जारी रही यातायात सुधार की मुहिम



इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर आज गुरूवार को भी सघन रूप से इंदौर शहर में यातायात को सुगम बनाने जगह-जगह मुहिम चलाकर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस आदि के सहयोग से की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में यातायात में बाधक दुकानों के शेड, अतिक्रमण, ओटले और अन्य बाधाएं हटाई गई। फुटपाथ पर रखे सामान भी बड़ी मात्रा में जप्त किए गए। साथ ही तीन दुकाने भी सील की गई।

बताया गया कि यह मुहिम अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में चल रही है। आज यातायात सुधार एवं यातायात को सुगम बनाने की दृष्टि से झोन क्रमांक 02 राजमोहल्ला के अन्तर्गत मच्छी बाज़ार से दरगाह चौराहा तक निरंतर कार्यवाही की गई। ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाये गये। दुकानों के बाहर फुटपाथ एवं सड़क से कुल 05 ट्राले सामान ज़ब्त किये गए एवं दुकानों के अस्थायी अतिक्रमण पर रिमूवल की कार्यवाही की गई। साथ ही यातायात विभाग द्वारा सड़क पर खड़े अवैध रूप से लोडिंग वाहनों एवं रिक्शा ज़ब्त करने की कार्रवाई की गई। इस संयुक्त कार्यवाही में एसडीएम श्री राकेश परमार, यातायात थाना प्रभारी श्रीमती सीमा भंडारी , नगर निगम जोनल अधिकारी श्री विनोद अग्रवाल, सहायक श्री मयंक बेतव एवं रिमूवल प्रभारी श्री विनीत तिवारी सहित निगम की टीम एवं यातायात की टीम उपस्थित रही।

इसी तरह आज यातायात सुधार एवं यातायात को सुगम बनाने की दृष्टि से झोन क्रमांक-13 के अंतर्गत खण्डवा रोड से गणेश नगर तक ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण ओर टीन शेड हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही 03 दुकानों को सील करने की कार्यवाही की गई।

## श्री नारायण भक्ति पंथ के देशभर से आए अनुयायी त्रिदेव के दर्शनों वाली विश्व की अद्भुत प्रतिमा- केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

इंदौर। सर्द हवा की सुबह भक्ति की अनोखी गरमाहट रही, हृदयस्थली राजवाड़ा पर श्री नारायण भक्ति पंथ के अनुयायियों का तांता लग गया। भगवान श्रीहरि विष्णु की शेश सैया पर विराजित 11 फुट की अद्भुत दिव्य प्रतिमा के दर्शनकर हर कोई अपने आप को धन्य समझ रहा था। शंख, घंटे, घड़ियाल के साथ पुलिस का बैंड भक्ति की रसधारा घोल रहा था तो भक्त शांताकारं भुजगशयनं... विष्णुसहस्त्रानाम स्त्रोत, नारायण-नारायण हरि-हरि के जयघोष से राजवाड़ा क्षेत्र गूंजायमान हो रहा था। वहीं गजराज अपनी विशेष मुद्रा से सबको मोहित कर रहे थे।



गुरुवार सुबह सर्द हवाओं के बीच राजवाड़ा पर भक्तिमय माहौल यहां से गुजरने वालों को अपने रंग में रंग रहा था। सद्गुरु लोकेशानंदजी महाराज भगवान विष्णु की दिव्य 11 फिट की 21 टन वजनी प्रतिमा के भव्य और मनोहारी रथ पर पूजन करते हुए भगवान विष्णु सहस्त्रानाम का जाप दर्जनों ब्राह्मणजन कर रहे थे। इस अद्भुत और अचरज भरे दृश्य के साथ भगवान की दिव्य प्रतिमा के दर्शनों के लिए इंदौर शहर के सैकड़ों विष्णुभक्त ढाई घंटे से ज्यादा मौजूद रहे। श्री नारायण भक्ति पंथ के आनंद गर्ग, हुकुम गोयल, संतोष अग्रवाल, सुरेश व्यास, महेंद्र अग्रवाल, नीतिन गर्ग, राजपाल सिंह सिसौदिया, भावना अग्रवाल, मणिकांत गुप्ता, अर्पित पाटोदी, अरविंद अग्रवाल ने बताया कि अनुयायी राजस्थानी एवं मारवाड़ी पगड़ी में पत्नी और बच्चों के साथ सैकड़ों की संख्या में शामिल थे। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महाराष्ट्र की सांसद स्मिता उदयवाघ, उदयपुर सांसद, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल विशेष रूप से शामिल हुए। केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस दिव्य प्रतिमा के लिए महाराज लोकेशानंदजी को साधुवाद देते हुए कहा कि इस त्रिदेव के दर्शन देने वाली दिव्य प्रतिमा के दर्शन मात्र से जन्म सफल हो जाता है।




मृत्युंजय महाकाल त्राहिमाम शरणागतः ,
जन्म मृत्यु जरा व्याधि पीड़ितो कर्म बंधनाह
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर प्रभु सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# शहर के विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है चौड़ीकरण कार्य जिसमें आप सभी का सहयोग सहराहनीय - विधायक

उज्जैन। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान शिविर के अंतर्गत शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 16, 48 एवं 52 अंतर्गत शिविर आयोजित किए गए जिसमें वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा एवं वार्ड क्रमांक 48 एवं 52 में निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा शिविर में उपस्थित नागरिकों एवं हितग्राहियों को संबोधित करते हुए शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु कहा गया।

शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 16 अन्तर्गत नगरकोट स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर के बाहार शिविर का आयोजन उज्जैन उत्तर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, क्षेत्रीय पार्षद श्री राजेश बाथम, अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष श्रीमती करुणा आनंद जैन, नगर उपाध्यक्ष श्री जगदीश पांचाल की उपस्थिति में किया गया।

शिविर में उपस्थित नागरिकों को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री अनिल




जैन कालुहेड़ा ने कहा कि उज्जैन शहर में विभिन्न मार्गो का चौड़ीकरण होना है जो की शहर के विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा उज्जैन शहर के विकास हेतु निरंतर विभिन्न कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जा रही है जिसके क्रम में हमारे इस वार्ड के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण को भी स्वीकृति प्रदान की गई। चौड़ीकरण कार्यावही में नागरिकों का सहयोग अत्यंत ही सराहनीय है आप सभी को चौड़ीकरण के कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उसके उपरांत भी आपके द्वारा सरकार को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आपने नागरिकों से अपिल की कि वे शिविरों में अवश्य पहुंचे एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। शिविर में हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी के साथ वार्ड क्रमांक 48 एकता नगर हनुमान चौक आंगनबाड़ी के पास एवं वार्ड क्रमांक 52 दमदमा पानी की टंकी के पास निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह, अपर आयुक्त श्री संदीप शिवा, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अंशु गोपाल अग्रवाल, श्रीमती सुलेखा राजेंद्र वशिष्ठ की उपस्थिति में शिविर आयोजित किए गए।

शिविर में निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव द्वारा कहा गया कि यह जो शिविर जनता के बीच आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें सरकार खुद आपके द्वारा आपके बीच सेवक के रूप में आई है इसलिए सरकारी सेवकों का जो आपके बीच शिविर के माध्यम से उपस्थित है उनका अधिक से अधिक लाभ लेते हुए अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं साथ ही आपके द्वारा जो समस्याएं बताई गई है उन समस्याओं का भोपाल स्तर तक वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है इसलिए लिखित में अपनी समस्या देते हुए रसीद भी प्राप्त करें कि आपने क्या समस्या शिविर में बताई है साथ ही आप सभी अपने आस पड़ोस में भी इन शिविरों की जानकारी माउथ मीडिया के माध्यम से बात करते हुए स्वयं अपने माध्यम से भी प्रसारित कर सकते हैं ताकि शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए यह शिविर सार्थक हो सके।

# पुत्रदा एकादशी पर हुई स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा

## स्वर्णगिरी महाराज का किया दुग्धाभिषेक हुआ, महा आरती के साथ हुए प्रवचन



उज्जैन। श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा से पश्चिम दिशा में स्थित स्वर्णगिरी पर्वत मुखारविंद ग्राम चरणमया चिरमिया में 10 जनवरी पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष्य में श्री स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा का भव्य आयोजन हुआ।

प्रातः 9 बजे स्वर्णगिरी महाराज का दुग्धाभिषेक हुआ। तत्पश्चात महा आरती एवं भागवताचार्य पंडित दिनेश शर्मा के प्रवचन हुए। तत्पश्चात परिक्रमा स्वर्णगिरी धाम चिरमिया से शुरू हुई जो वीर हनुमान मंदिर आक्याधांगा, श्री राम बालाजी धाम महू श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुनः स्वर्णगिरी धाम ग्राम चिरमिया पहुंची। जहां महाआरती के पश्चात परिक्रमा का समापन हुआ।

मार्ग में जगह-जगह ग्रामीण भक्तजनों द्वारा श्रद्धालुओं और संतों का भव्य स्वागत एवं जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ दुर्गा शंकर पांचाल ने बताया कि परिक्रमा में भागवताचार्य जितेंद्र शर्मा खोरिया, स्वर्णागिरी पीठाधीश्वर महेंद्रगिरी महाराज, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़े भाई समाजसेवी नारायण यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह पटेल, उज्जैन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र आंजना, स्वर्णगिरी एवं नारायणा धाम के मुख्य पुजारी प्रेम नारायण शर्मा तथा क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# कपिल कटारिया मानद उपाधि से होंगे सम्मानित



उज्जैन। वॉशिंगटन डिजिटल यूनिवर्सिटी के 11 जनवरी को दिल्ली में होने वाले दीक्षांत समारोह में सामाजिक क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उज्जैन के कपिल कटारिया को मानद की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा

कपिल कटारिया ने सिंहस्थ समिति में सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम, भाजपा आइटी सेल अध्यक्ष, सराफा मंडल उपाध्यक्ष, जिला कार्यसमिति सदस्य रहते हुए दिव्यांग विवाह, शेव महोत्सव, नर्मदा परिक्रमा, कोविड में सेवा कार्य जैसे अन्य कई सेवा कार्य किए।

# उज्जैन में आज होगा अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन, फिल्म अभिनेता तुषार कपूर और हास्य जगत की दिग्गज हस्तियां होंगी मुख्य आकर्षण




उज्जैन। 11 जनवरी 2025 अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन अपने गौरवशाली 25 वर्ष पूरे कर रहा है। हास्य और साहित्य का यह ऐतिहासिक आयोजन, जो वर्ष 2001 में डॉ. महेन्द्र यादव के नेतृत्व में शुरू हुआ था, आज देश-विदेश में हास्य और साहित्य की धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है। इस अवसर पर आठ दिवसीय ठहाका महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन कालिदास अकादमी, उज्जैन के मुक्ताकाशी मंच पर आज शाम 6 बजे होगा।

इस समापन समारोह की मुख्य विशेषता फिल्म अभिनेता तुषार कपूर की उपस्थिति है। उनके साथ प्रसिद्ध हास्य और व्यंग्य कवि डॉ. अशोक चक्रधर तथा शायरी की दुनिया की जानी-मानी हस्ती अंजुम रहबर भी सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगी।

लाफ्टर चैलेंज के फाइनलिस्ट मंच पर हास्य के अन्य प्रमुख कलाकारों में लाफ्टर चैलेंज के लोकप्रिय फाइनलिस्ट प्रताप फौजदार, हिमांशु बवंडर, और मुन्ना बैटरी शामिल हैं, जो अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को ठहाकों में डुबो देंगे।

300 से अधिक कवियों की सहभागिता इस वर्ष सम्मेलन में देश-विदेश से 300 से अधिक हास्य कवि और लेखक शामिल हुए हैं, जो अपनी अनूठी कविताओं और हास्यपूर्ण प्रस्तुतियों से महोत्सव को ऐतिहासिक बना रहे हैं।

25 घंटे से अधिक का हास्य कविताओं का विश्व रिकॉर्ड शुक्रवार सुबह 12 बजे से आरंभ हुए अनवरत हास्य कविताओं के सिलसिले ने 25 घंटे से अधिक समय तक जारी रहकर एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ऑब्जर्वर कमेटी उज्जैन में मौजूद है और इस ऐतिहासिक उपलब्धि की प्रमाणिकता की प्रक्रिया चल रही है।

# ज्ञान भक्ति, तपस्या, यज्ञ, अनुष्ठान उसी का सफल, जो समाज, संस्कृति और सभ्यता के संरक्षण के लिए अपनी शक्ति व धन को लगाता है- श्री बृजोत्सवजी महाराज

## गिरिराज पर्वत उंगली पर उठाते हुए धर्म के लक्षण दया, मंत्र, करूणा बताये



उज्जैन। हम धर्म प्रेमी व धार्मिक है। धार्मिक व्यक्ति के अंदर धर्म के लक्षण भी दिखना चाहिये। धार्मिक व्यक्ति निर्भय होता है, भगवान की भक्ति की शक्ति कृपा का बल उसके साथ होता है। जो भगवान की शरण में आता है, भगवान उसका कल्याण करते हैं। चाहे वह मनुष्य हो देवता हो, असुर हो, भगवान भक्ति से प्रसन्न होते हैं। ध्रुवजी के प्रसंग में यह समझाया गया। ज्ञान भक्ति, तपस्या, यज्ञ, अनुष्ठान उसी का सफल है जो समाज, संस्कृति और सभ्यता के संरक्षण के लिए अपनी शक्ति व धन को लगाता है। दक्ष प्रजापति की कथा में यही समझाया व्यक्ति को बड़ा होने के बाद अहंकार नहीं करना चाहिये। हर कार्य समर्पण के साथ करना चाहिये।

यह बात भव्य सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा रसपान महोत्सव व 108 भागवत पारायण में अनंत श्री विभूषित राजाधिराज ज.पी. पद्मश्री, पद्मभूषण सम्मानित गोस्वामी श्री गोकुलोत्सवजी महाराजश्री के लालजी (सुपुत्र) सोमयज्ञ सम्राट आचार्य श्री डॉ. गोस्वामी पू.पा. श्री बृजोत्सवजी महाराज श्री इन्दौर ने कहीं। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी के अनुसार आज कथा में अजामिल भरत की कथा सुनाई। प्रसंग में गिरिराज पर्वत उंगली पर उठाते हुए धर्म के लक्षण दया, मंत्र करूण बताये। मंडल के संस्थापक संयोजक विठ्ठल नागर, धर्मेंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता महाकाल परिसर परिवार ने भी आप श्री की आरती की।

कथा में विशिष्ट सहयोगी द्वारकादासजी नीमा, जीवनलालजी दिसावल, अशोकजी जड़िया, रसिकजी सुगन्धी, बंशीलालजी नीमा, शरदजी भट्ट, दिलीपजी वेद, नंदलालजी यादव, प्रेमनारायणजी नागर, दामोदरदासजी सुगन्धी, ब्रजमोहनजी नीमा, गोविंददासजी नीमा (श्रीनाथजी हवेली) हीरालालजी शर्मा, पन्नालालजी शर्मा, रामबाबूजी गोयल, गिरधरगोपालजी नीमा, गोवर्धनजी नीमा, गोविंदजी यादव, सत्यनारायणजी माहेश्वरी, कैलाशजी माहेश्वरी (भांगघोटा), दिपकजी शाह, नलिनजी नीमा, विजयजी अग्रवाल, डॉ. रविन्द्रजी दिसावल, गोविंदजी खण्डेलवाल, जितेन्द्रजी गांधी, कृष्णा बेन माहेश्वरी, श्रीमती राधारानीजी सुगन्धी, श्रीमती राजकुमारी माहेश्वरी, गोपालदासजी नागर, घनयामदासजी नागर, मयूरजी शर्मा, विजयजी केवलिया, सुनीलजी व्यास, मुरलीधरजी नागर, कमलकांतजी नागर, विजयजी नीमा, अशोकजी शाह, जगदीशजी राठी (तराना), गिरीराजकिशोरजी नागर रहे।

# नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के 9वें दिन रामचरित्र का सार एवं राम जी का राज्यभिषेक प्रसंग सुनाया गया



उज्जैन। कर्मण्य कृष्ण सेवा समिति के तत्वाधान में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के 9वें दिन रामचरित्र का सार एवं राम जी का राज्यभिषेक प्रसंग सुनाया गया राज्याभिषेक के साथ रामकथा का विश्राम हुआ, 9 दिनों तक किया गया रामकथा का रसपान मंछामन चौराह स्थित सिया गार्डन प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ जगन्नाथ जी महाराज रामायणी अयोध्या वाले ने श्रद्धालुओं को बताया कि रामायण संमार्ग पर चलना सिखाती है। श्रीरामचरितमानस ÷भाई-भाई से प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है। राम जी में तप, त्याग की महान्ता है। व तप और की मुर्ति है। अयोध्या से आए जगन्नाथ जी महाराज द्वारा श्रीरामचरितमानस की कथा का वर्णन किया गया। कथा के नौवे दिन भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक जिसे राम पट्टाभिषेक के नाम से जाना जाता है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com